प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 25.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.11.2024

मीडिया सेल, महोबा


**मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-**

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 25.11.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/गांव/मंदिरो/पॉर्को आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यातायात माह नवंबर एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत माँ0 चन्द्रिका महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई जागरुकता कार्यशाला, यातायात माह के तहत कालेज में अध्ययनरत 51 छात्राओं को वितरित किए गए निःशुल्क हेलमेट-

आज दिनांक- 25.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय महोबा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित माँ0 चन्द्रिका महिला महाविद्यालय में यातायात जागरुकता माह नवंबर तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु साइबर सुरक्षा, मिशन शक्ति और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पर आधारित कार्यशालाएँ थीं।

पहले सत्र में 'साइबर सुरक्षा' पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर साइबर अपराध के बारे में छात्राओं को सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने पोर्टल और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसके माध्यम से शिकायत दर्ज कराने और धोखाधड़ी से बचाव के बारे में बताया।

दूसरे सत्र में मिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के तहत "महिला सशक्तिकरण पर छात्राओं को मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। नारी सुरक्षा से संबंधित तमाम कानून व त्वरित मदद के लिए हेल्पलाइन हेल्पलाइन 1090, 181 और 112 इत्यादि उपलब्ध हैं। जिस पर कॉल करते ही त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। थाना पर महिला हेल्प डेस्क का संचालन भी महिलाओं की सुविधा एवं उनके समस्याओं के निस्तारण हेतु किया गया।

तीसरा सत्र यातायात माह नवम्बर के तहत यातायात जागरुकता पर आधारित था, जिसमें सभी छात्राओं को यातायात नियमों जैसे स्टॉप-गो-स्लो, हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा का पालन, यातायात निर्देशों, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल का उपयोग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और छात्राओं से सड़क दुर्घटना के संभावित खतरों से बचाव हेतु यातायात सम्बन्धी सभी निर्देशात्मक, सूचनात्मक और सांकेतिक नियमों का पालन करने की अपील की। कहा कि सुरक्षा के लिए हेलमेट पहने, चालान से बचने के लिए नहीं । इस दौरान प्रश्न उत्तर सत्र का भी आयोजन कर यातायात नियमों के प्रति जागरुकता बढाये जाने का प्रयास किया गया।

इसी क्रम में छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता के माध्यम से यातायात सुरक्षा के सम्बन्ध में अपनी प्रतिभा को परिलक्षित किया है, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी छात्राओं की प्रशंसा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी है, विजेताओं को यातायात सड़क सुरक्षा माह के समापन 30 नवंबर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

यातायात माह नवंबर के तहत आयोजित कार्यशाला में महाविद्यालय में स्कूटी से आने वाली अध्ययनरत 51 छात्राओं को निःशुल्क हेलमेट वितरित किये गये व सभी से अपील की गयी है कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, जिन्दगी अनमोल है, इसको बचाने के लिए सावधानी व सुरक्षात्मक उपायों के साथ यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

इस दौरान प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह, प्रभारी महिला थाना श्रीमती सुषमा चौधरी, महाविद्यालय प्रिंसिपल श्रीमती ज्योति सिंह, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण, अध्ययनरत छात्राओं सहित यातायात पुलिस टीम के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 25.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

